TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**26 नवंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अच्छे चरित्र का निर्माण करना ही छात्रों

का मुख्य कर्तव्य होना चाहिए।

सुभाष चंद्र बोस



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# संविधान दिवस 26 नवंबर




हर भारतीय नागरिक के लिए हर साल **26** नवंबर का दिन बेहद खास होता है। दरअसल यही वह दिन है जब देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। भारत गणराज्य का संविधान **26** नवम्बर **1949** को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के **125**वें जयंती वर्ष के रूप में **26** नवम्बर **2015** को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा **26** नवम्बर **2015** से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रिय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को **2** वर्ष **11** माह **18** दिन में **26** नवम्बर **1949** को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में **26** जनवरी **1950** से संविधान अमल में लाया गया। भारतीयों द्वारा कई दशकों पूर्व से 'संविधान दिवस' मनाया जाता है। डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के इस महान योगदान के रूप में भारत सरकार द्वारा पहली बार **26** नवम्बर **2015** को "संविधान दिवस" मनाया गया तथा **26** नवम्बर **2015** से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है। **26** नवंबर का दिन संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए चुना गया था। इस दिन संविधान निर्माण समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ सर हरीसिंह गौर का जन्मदिवस भी होता है।

# जयंती विशेष 26 नवंबर

भारत के मशहूर
वैज्ञानिक और शिक्षाविद
'पद्म विभूषण'

## प्रो. यशपाल जी

की जयंती पर शत्-शत् नमन

26 नवम्बर, 1926-24 जुलाई, 2017



**यशपाल** *Yashpal*, जन्म- 26 नवम्बर, 1926; मृत्यु- 24 जुलाई, 2017, नोएडा) भारत के मशहूर वैज्ञानिक और शिक्षाविद थे। देश में वैज्ञानिक प्रतिभाओं को निखारने में उनका ख़ास योगदान माना जाता है। उनकी उपलब्धियों का सम्मान करते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें पद्म पुरस्कारों से नवाजा था। यशपाल दूरदर्शन पर 'टर्निंग पाइंट' नाम के एक साइंटिफिक कार्यक्रम को भी होस्ट करते थे। भारत में उनका शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है। वह शिक्षा में ओवरबर्डन पढ़ाई के सख्त विरुद्ध थे। इसीलिए उन्होंने इस मुद्दे की ओर भारत सरकार का कई बार ध्यान आकर्षित किया था।

# MATH TLM

98 Class-6to8

## धन (Cube)

- धन का आयतन = (भुजा)$^3$




- धन की एक भुजा= √ आयतन
- धन का विकर्ण = √3×एक भुजा
- धन के सम्पूर्ण पृष्ठों का क्षेत्रफल=6×(भुजा)$^2$
- धन में पृष्ठ तलों की संख्या = 6
- कुल किनारा = 12
- फलकों की संख्या = 6
- धन में शीर्षों की संख्या = 8

Anu Priya, Science Teacher




## केएल राहुल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में कप्तानी करेंगे: इंजर्ड श्रेयस और शुभमन बाहर; कोहली-रोहित 9 महीने बाद घर में इंटरनेशनल मैच खेलेंगे

# साउथ अफ्रीका का भारत दौरा

| टेस्ट | जगह | तारीख |
|---|---|---|
| पहला वनडे | रांची | 30 नवंबर 2025 |
| दूसरा वनडे | रायपुर | 3 दिसंबर 2025 |
| तीसरा वनडे | वाइजैक | 6 दिसंबर 2025 |
| पहला टी-20 | कटक | 9 दिसंबर 2025 |
| दूसरा टी-20 | मुल्लांपुर | 11 दिसंबर 2025 |
| तीसरा टी-20 | धर्मशाला | 14 दिसंबर 2025 |
| चौथा टी-20 | लखनऊ | 17 दिसंबर 2025 |
| पांचवां टी-20 | अहमदाबाद | 19 दिसंबर 2025 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश




आज का शब्द

## संविधान दिवस
## 26 नवंबर

संविधान दिवस **(Constitution Day)** भारत में प्रतिवर्ष **26** नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन **1949** में भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा औपचारिक रूप से अपनाने की स्मृति में मनाया जाता है। भारत का संविधान **26** नवंबर **1949** को अपनाया गया था और **26** जनवरी **1950** को प्रभावी हुआ, जिसे गणतंत्र दिवस **(Republic Day)** के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देना और संविधान के महत्व को उजागर करना है। यह दिन देशभर के स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों में विभिन्न शैक्षिक और जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**तमिलनाडु** के महाबलीपुरम में 10 साल से तैयार हो रहा दुनिया का सबसे बड़ा **33 फीट ऊंचा** और 210 टन वजनी शिवलिंग अब बिहार के **पूर्वी चंपारण** के चकिया में बन रहे विराट रामायण मंदिर में **स्थापित** किया जाएगा। 96 चक्का ट्रक पर इसे 25 दिनों में **बिहार** लाया जा रहा है।



राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

यम आएगा लेने जब, तब खूब चलूंगा पी हाला
पीड़ा, संकट, कष्ट नरक के क्या समझेगा मतवाला
क्रूर, कठोर, कुटिल, कुविचारी, अन्यायी यमराजों के
डंडों की जब मार पड़ेगी, आड़ करेगी मधुशाला

**हरिवंशराय बच्चन**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


राष्ट्रीय दुग्ध दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
26 नवंबर
"डांट कर दूध पिलाती है,टाफी दे कर मनाती हैं।
मा के जज्बातों को समझना,वो ऐसे ही प्यार लुटाती है"।
राष्ट्रीय दुग्ध दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



भारतीय भौतिक विज्ञानी

# प्रोफेसर यशपाल

की

**जयंती** पर सादर नमन।




26 नवंबर 1926-24 जुलाई 2017



Madhu priya



## 26 नवंबर

# संविधान दिवस

की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org

Madhu priya